**25.8.2022**

# प्रेस विज्ञप्ति

- **भारत के पहले न्यूट्रल साझा रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) समाधान की सफल शुरुआत हुई है।**
- **रेलटेल और क्लाउडएक्सटेल ने दूरसंचार उपयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से भीड़भाड़ वाले स्थानों के लिए भारत का पहला साझा आरएएन समाधान लॉन्च करने के लिए साझेदारी की।**
- **मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर रेलवे के महत्वपूर्ण सहयोग के साथ पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया, जिसमें दर्शाया गया है कि भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया दोनों के लिए औसत उपयोगकर्ता मोबाइल डेटा स्पीड का अनुभव 5 गुना बढ़कर 15 एमबीपीएस हो गया है और डेटा खपत में 20% की वृद्धि हासिल की गई है।**
- **साझा आरएएन समाधान की सफलता अत्यधिक आबादी और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए बेहतर मोबाइल डेटा उपयोग का अनुभव रखने का वादा करती है।**
- **आंरभिक चरण में इस तकनीक को मुंबई के और रेलवे स्टेशनों पर विस्तार करने पर ध्यान दिया जाएगा।**
- **हम रेल यात्रियों की सेवा करने के लिए सभी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इस प्रौद्योगिकी का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं: श्रीमती अरुणा सिंह, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रेलटेल।**
- **साझा RAN समाधान देश में आगामी 5G तैनाती के लिए एक आर्किटेक्चरल फाउंडेशन बनेंगे: श्री कुणाल बजाज, सह संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्लाउडएक्सटेल।**

******

रेलटेल, रेल मंत्रालय का एक मिनी रत्न सीपीएसयू और क्लाउडएक्सटेल, Full Stack Network as a Service (NaaS) प्रदाता ने दूरसंचार प्रयोगकर्ता के अनुभव को बढ़ाने के उद्देश्य से भीड़भाड़ वाले स्थानों के लिए भारत का पहला साझा रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) समाधान लॉन्च करने के लिए साझेदारी की है।

रेलटेल और क्लाउडएक्सटेल ने भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, नोकिया और टेलीकॉम इंफ्रा प्रोजेक्ट (टीआईपी) के नास सॉल्यूशंस ग्रुप के साथ साझेदारी में इस परियोजना के सफल पायलट प्रोजेक्ट को रेलवे के महत्वपूर्ण समर्थन के साथ, सबसे अधिक स्ट्रेस वाले स्थान अर्थात् मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर सम्पन किया । भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया दोनों के मोबाइल फोन नेटवर्क के लिए मोबाइल डेटा की औसत उपयोगकर्ता गति में 5 गुना वृद्धि (3 एमबीपीएस से 15 एमबीपीएस तक) के साथ पायलट परियोजना के परिणाम प्रभावशाली रहे हैं, जबकि डेटा की खपत में 20% की वृद्धि हुई है।

विशेष रूप से ट्रैफिक जंक्शन, हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन जैसे स्थान नेटवर्क की भीड़ के लिए उच्च घनत्व वाले क्षेत्र हैं। विशेषरूप से मुंबई जैसे घनी आवादी वाले शहरों में चुनौतियां कई गुना बढ़ जाती हैं । साझा आरएएन समाधान की सफलता ऐसे अत्यधिक आबादी वाले और अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के ग्राहकों के लिए बेहतर मोबाइल डेटा उपयोग का अनुभव रखने का वादा करती है। आरंभिक चरण में मुंबई के और रेलवे स्टेशनों पर इस तकनीक का विस्तार करने पर ध्यान दिया जाएगा। बाद में, कवरेज के लिए और स्टेशनों पर विचार किया जा सकता है।

**इस बारे में बात करते हुए श्रीमती अरुणा सिंह, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, रेलटेल ने कहा, "***रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी और एक बेहतर आवागमन अनुभव की सुविधा प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता रही है। साझा आरएएन द्वारा सक्षम प्रभावशाली गति और डेटा खपत ने इस तकनीक में हमारे विश्वास को प्रमाणित किया है, और हम रेलवे स्टेशनों में बुनियादी ढांचे और ऊर्जा खपत के clutter को कम करते हुए यात्रियों और दूरसंचार ऑपरेटरों की सेवा करने वाले सभी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में इसे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।"*

**इस पर टिप्पणी करते हुए श्री कुणाल बजाज, सह संस्थापक और सीईओ, क्लाउडएक्सटेल ने कहा, "** *''मल्टीमीडिया-समृद्ध सामग्री और क्लाउड अनुप्रयोगों की व्यापक खपत नई सामान्य है और 5G पेशकशों के साथ कई गुना बढ़ जाएगी।* साझा RAN समाधानों के अभाव में, ऐसे भीड़भाड़ वाले स्थानों में भी 5G का परफॉरमेंस बाधित हो जाएगा, इस प्रकार उपयोगकर्ता अनुभव से काफी हद तक समझौता हो जाएगा। साझा RAN समाधान देश में आगामी 5G परिनियोजन के लिए एक आर्किटेक्चरल फाउंडेशन बनेंगे "

## रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाता है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

## क्लाउडएक्सटेल के बारे में:

क्लाउडएक्सटेल भारत का पहला पूर्ण स्टैक नेटवर्क एक सेवा (NaaS) प्रदाता के रूप में है। कंपनी भारत में डेटा खपत की अत्यधिक वृद्धि से उभरने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए दूरसंचार ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, डेटा केंद्रों, उद्यमों और बड़े सामग्री प्रदाताओं को NaaS समाधान प्रदान करती है। कंपनी का अपना नेटवर्क है और उसका संचालन करती है जो नेटवर्क स्ट्रेस के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देते हैं, साझाकरण का लाभ उठाते हैं और उभरती हुई विषम नेटवर्क तकनीकों को अपनाते हैं।

अपने उन्नत नेटवर्क समाधानों के माध्यम से, कंपनी ने नेटवर्क-तनावग्रस्त, उच्च-फुटफॉल प्रतिष्ठित स्थानों में कनेक्टिविटी को बढ़ाया है। CloudExtel 300+ कस्बों और जिलों में 4000 साइटों के माध्यम से बड़े मोबाइल नेटवर्क ऑपरेटरों (MNO) की पार्टनर-तैनात छोटी सेल आवश्यकताओं का 20% पूरा करता है।

ओपन आरएएन (ओ-आरएएन) और नेटवर्क वर्चुअलाइजेशन के लिए आने वाले वैश्विक बदलाव से दूरसंचार और इंटरनेट स्थान को फिर से परिभाषित करने की उम्मीद है। CloudExtel इस ट्रांजीशन का लाभ उठाने के लिए तैयार है। यह भारत में साझा आरएएन को तैनात करने वाला पहला तटस्थ मेजबान है, जो विश्व स्तर पर 10 से कम खिलाड़ियों में से एक है।

**विस्तृत जानकारी के लिए:**

sucharita@railtelindia.com

•